राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय उदयपुर

प्रेस न्यूज

एक दिवसीय काउन्सलिंग एवं मेंटरिंग कार्यशाला

दिनांक 12.02.2019

'सकारात्मक तनाव सफलता के लिये आवश्यक है।' यह विचार आंतरिक गुणवत्ता संवर्द्धन प्रकोष्ठ (IQAC) द्वारा आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में मुख्य वक्ता डॉ.जितेन्द्र जीनगर, प्रोफेसर मनोचिकित्सा विभाग, गीतांजली मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल ने व्यक्त किये। विद्यार्थी जीवन में अध्ययन के दौरान विद्यार्थी के मानसिक, शारीरिक, शैक्षणिक, आर्थिक, सामाजिक एवं पारिवारिक आदि समस्याओं का सामना करना पडता है। ऐसे में उनको उचित एवं सामयिक परामर्श एवं मेंटरिंग दिया जाना आवश्यक है। इस उद्देश्य को लेकर यह कार्यशाला आयोजित की गई। उद्घाटन सत्र में कार्यवाहक प्राचार्य, डॉ. शशि सॉचिहर ने संकाय सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि आज विद्यार्थी हर क्षण तनाव ग्रस्त रहता है जिसका उसके अध्ययन एवं केरियर पर नकारात्मक प्रभाव पडता है अतः महाविद्यालय में कार्यरत काउन्सलिंग एवं मेंटरिंग सेल की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। IQAC सह–समन्यवक, डॉ. प्रियम्वदा सोरल ने अतिथियों का स्वागत किया।

प्रथम एवं द्वितीय सत्रों में क्रमशः जितेन्द्र जीनगर एवं डॉ. कल्पना जैन, विभागाध्यक्ष, मनोविज्ञान विभाग, सुखाड़िया विश्वविद्यालय ने संकाय सदस्यों को काउन्सलिंग एवं मेंटरिंग विद्याओं पर विस्तृत विचार विमर्श किया।

कार्यशाला के समापन सत्र में डॉ. अजय चौधरी व डॉ. आभा गुप्ता ने काउन्सलिंग के विभिन्न आयामों को उदाहरण द्वारा प्रस्तुत किया। डॉ. राकेश दशोरा, डॉ. सर्वतोन्निसा खान एवं डॉ. इन्द्रा जैन ने कार्यशाला का फीडबैक दिया।

कार्यशाला में विभिन्न सत्रों का संचालन डॉ. भावना पोखरना एवं डॉ. साक्षी चौहान ने किया । डॉ. कानन सक्सैना ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

प्राचार्य